पंजाब केसरी 19/02/2025



कार्यक्रम के दौरान मौजूद वक्ता व विद्यार्थी। (देवदत्त)

# कॉलेज टू कॉर्पोरेट विषय पर चर्चा का आयोजन

अम्बाला, 18 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के सी.आर.सी. यूनिट द्वारा कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सहयोग से कॉलेज टू कॉर्पोरेट विषय पर चर्चा का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में हुआ। इस चर्चा में स्कूल ऑफ बिजनैस यू.पी.ई.एस., देहरादून के सहायक निदेशक सुमित और सहायक प्रो. निखिल कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि हमारा कॉलेज टू कॉर्पोरेट प्रशिक्षण उद्योग तैयार कौशल के निर्माण के लिए एक पावर हाऊस के रूप में खड़ा है। यह पहल छात्रों को उद्योग की मांगों से अवगत कराकर उन्हें विशिष्ट रूप से तैयार करती है, जिससे कॉलेज से कॉर्पोरेट जीवन में उनका संक्रमण आसान हो जाता है। मुख्य वक्ता ने सॉफ्ट स्किल, कार्य संतुलन एवं कम्युनिकेशन स्किल्स यानि कि अपनी बात को दूसरों के सामने प्रभावी ढंग से रखने का कौशल, इन सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। अंत में सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा और डीन डा. प्रबलीन कौर ने मुख्य वक्ता का कार्यक्रम में आने के लिए एवं सभी विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने मुख्य वक्ता से विषय से संबंधित प्रश्न पूछे एवं संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए।